अमर उजाला
04/04/23

# नशे के खिलाफ किया जागरूक



**अंबाला।** छावनी के जीएमएन कॉलेज में एनएसएस यूनिट की ओर से एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों ने नशे के बुरे परिणामों के बारे में सबको जागरूक करने का संकल्प लिया। संकल्प के साथ ही विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के वाहनों पर नशा मुक्ति के पोस्टर लगाए। नशे से होने वाले असाध्य रोगों के बारे में जागरू किया। कालेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया की हमारे प्रत्येक विद्यार्थी को जनता के बीच जाकर आम जन को नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराएंगे। इस कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि हमारे विद्यार्थियों का संकल्प बड़ा ही पवित्र है। संवाद